मुझको ये गम नहीं के बदला है ये ज़माना

मुझको ये गम नहीं के बदला है ये ज़माना,
मेरी ज़िंदगी के मालिक कही तुम बदल न जाना,

हारे के तुम सहारे ऍह श्याम खाटू वाले,
ज़िंदगी की गाडी हमने कर दी तेरे हवाले,
तेरे सिवा हमारा कोई नहीं ठिकाना,
मेरी ज़िंदगी के मालिक कही तुम बदल न जाना,
मुझको ये गम नहीं के बदला है ये ज़माना,

मेरी ज़िंदगी सम्बली मुझको गले लगा के,
बैठा दिया फलक पर मुझे खाक से उठा कर,
पकड़ा है हाथ मेरा तो उम्र भर निभाना,
मेरी ज़िंदगी के मालिक कही तुम बदल न जाना,
मुझको ये गम नहीं के बदला है ये ज़माना,

किस्मत के हाथो मेरे किस्मत के ताले खोले,
सो बार शुकरियाँ है हर एक जुबा ये बोले,
निर्मल बना के मन को भक्ति का दे खजाना,
मेरी ज़िंदगी के मालिक कही तुम बदल न जाना,
मुझको ये गम नहीं के बदला है ये ज़माना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4540/title/mujhko-ye-gam-nhi-badala-hai-ye-jamana-meri-zindgai-ke-malik-kahi-tum-badal-na-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |